# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 29 मार्च, 2016/9 चैत्र, 1938 (शक्)

----

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न - 25**

----

### आई0जी0सी0पी0 परियोजना

***3033 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में KFW नाम से Indo-German Climate Proofing Project आरम्भ हुआ है या होने जा रहा है; यदि हां, तो यह Project किस-किस जिला में कितनी-कितनी पंचायतों/गांवों में आरम्भ किया जाएगा;

(ख) इस Project का मुख्यालय व अन्य कार्यालय कहां-कहां स्थित होंगे; पंचायतों व गांवों के चयन की प्रक्रिया की प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह Project कितने समय व कितने चरणों का होगा; कितनी धनराशि इसके अन्तर्गत व्यय करनी प्रस्तावित है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

### भूमि का मुआवज़ा

***3034 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गिरी खड्ड से पेयजल परियोजना के निर्माण हेतु थरमटि कैंची से उखलघाट तक सड़क निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया था;

(ख) यदि हां, तो विभाग द्वारा कितने स्थायी निवासियों (किसानों) को मुआवज़ा दिया गया तथा कितने शेष हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार शेष लोगों को कब तक मुआवज़ा प्रदान करने का विचार रखती है?

----

## शौचालय का निर्माण

***3035 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नगर निगम शिमला के अन्तर्गत कितने सार्वजनिक शौचालय हैं और इनके रख-रखाव के लिए क्या पग उठाए गए हैं;

(ख) सरकार क्या इस क्षेत्र में नए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कहां-कहां; ब्यौरा दें?

----

## बन्द पड़ी सिंचाई योजनाएं

***3036 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में जिला कांगड़ा के सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल देहरा के अन्तर्गत कितनी सिंचाई योजनाएं बन्द पड़ी हैं या आंशिक रूप से कार्य कर रही हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इन योजनाओं के बन्द होने व आंशिक रूप से कार्य करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## टी0डी0 नीति

***3037 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में टी0डी0 अधिकार की नई नीति लागू हो गई है;

(ख) यदि हां, तो कब से; नई तथा पुरानी नीति की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) प्रदेश में नई नीति के अन्तर्गत कितने लोग लाभान्वित हुए हैं; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## तालाब को स्टेडियम में बदलना

***3038 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कुनिहार में स्थित 400 वर्ष पुराने ऐतिहासिक तालाब को स्टेडियम में तबदील किया जा रहा है; यदि हां, तो इसको स्टेडियम में तबदील करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Tribal/Gujjar Hostel

***3039 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-

(a)whether the Department has any proposal to set-up a Tribal Hostel for Gujjars in Kihar/Bhandal area of District Chamba;

( b) whether it is a fact that the Gujjar Ashram at Kihar has been shut down by the Department; and

(c) the Government will consider to set up a hostel for minorities at Kihar/Bhandal area ?

----

## सहकारी बैंक

***3040 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कौन-कौन से सहकारी बैंक कार्यरत हैं; और

(ख) यह सत्य है कि इन बैंकों में तैनात स्टाफ को समान रूप से चिकित्सा भत्ता/बिलों की प्रतिपूर्ति की जा रही है; यदि नहीं, तो ब्यौरा बैंकों के नाम का कारण सहित दें?

----

## मल प्रवाह योजना

***3041 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार राजगढ़ नगर पंचायत में मल प्रवाह योजना का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

----

## गृह निर्माण

***3042 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एस0सी0, एस0टी0 और ओ0बी0सी0 अभ्यर्थियों को कितनी धनराशि मकान बनाने हेतु स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें;

(ख) इन मकानों को स्वीकृति प्रदान करने हेतु क्या निर्धारित मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) जिला कांगड़ा में इस अवधि में कितने मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई; ब्यौरा दें ?

----

## अवैध कब्जे

***3043 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर नाजायज कब्जे के कितने मामले माननीय न्यायालय तथा विभागीय अधिकारियों के पास दर्ज हुए; ब्यौरा उनके नाम पते सहित दें; और

(ख) इन से न्यायालय के आदेशानुसार कितने मामलों में बिजली/पानी के कनैक्शन काटे गए तथा अतिक्रमण हटाए गए, कितने मामलों में कार्रवाई शेष है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

***3044 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोला वाया भूड के नाम कितनी भूमि है; यह भूमि किस वर्ष विभाग के नाम स्थानान्तरित की गई तथा भूमि किस व्यक्ति द्वारा दी गई; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इस भवन की चार दीवारी का कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो समस्त भूमि पर चार दीवारी न लगाने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार समस्त भूमि पर कब तक चार दीवारी  लगाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## Allocation of Funds

***3045 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) whether during the last three years sufficient funds to Municipal Committee Nalagarh were allocated under various heads;

(b) if yes, the details of allocation year-wise & head-wise be given; and

(c) whether the funds were utilised for the purpose for which these were approved or there is some misappropriation; details be given?

----

## पूर्व सैनिकों को नियुक्तियां

***3046 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकारी सेवाओं में पूर्व सैनिकों को 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितने पूर्व सैनिकों को नौकरियां दी गई; ब्यौरा विभागशः दें?

----

## नगर पंचायत चौपाल

***3047 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल नगर पंचायत को प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार से कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा दें;

(ख) किस-किस स्कीम में कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इस अवधि में नगर पंचायत चौपाल द्वारा कितने कार्य ठेकेदारों को आबंटित किए गए; ब्यौरा उन के नाम व खर्च की गई धनराशि सहित दें?

----

## Filling up of Vacant Posts

***3048 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently in Nurpur Assembly Constituency how many Primary Health Centres, Community Health Centres and Civil Hospitals are working;

(b) what is the sanctioned strength of staff in all the three categories of Institutions; and

(c) what is the filled up strength against the sanctioned strength of staff in each Institution?

----

## उप-मण्डल की स्थापना

***3049 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल भुन्तर का द्विभागीकरण कर एक अलग उप-मण्डल बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस उप-मण्डल की स्थापना कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3050 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार सिविल अस्पताल मनाली के लिए नए भवन का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो अभी तक इस दिशा में क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## मल प्रवाह योजना

***3051 श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि मल प्रवाह योजना बद्दी की निविदा (tender) की गई है; और

(ख) यदि हां, तो इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## पदपूर्ति

***3052 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में रोहड़ू स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में कितनी रिक्तियां कब-कब से हैं; ब्यौरा दें ?

----

## नगर पंचायत जोगिन्द्रनगर में रिक्तियां

***3053 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जोगिन्द्रनगर नगर पंचायत में सचिव व कनिष्ठ अभियन्ता के पद कब से रिक्त हैं; और

(ख) इन रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## केबल कार्य

***3054 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी कम्पनियों द्वारा Optical Fibre Cable का कार्य किया जा रहा है; ब्यौरा नाम, पते सहित दें;

(ख) इन कम्पनियों द्वारा प्रदेश सरकार को कितनी राशि काम के बदले उपलब्ध करवाई गई; दिनांक 31.1.2016 तक कितनी लम्बाई की Cable लाईनें राष्ट्रीय उच्च मार्ग व राज्य उच्च मार्गों पर कितने-कितने क्षेत्र में डाली गई; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार को इन कम्पनियों से किस-किस रेट पर कितना-कितना धन प्राप्त हुआ तथा यह धनराशि किस उद्देश्य के लिए व्यय की गई; विवरण दें ?

----

## भूमि खरीदने हेतु स्वीकृति

***3055 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने लोगों ने हिमाचल प्रदेश भूमि अधिनियम की धारा-118 के अन्तर्गत भूमि खरीदने हेतु आवेदन किया; और

(ख) इस अवधि में कितने आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की गई; ब्यौरा नाम-पते सहित दें?

----

## स्वास्थ्य शिक्षक

***3056 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि BMO सिराज़ (जंजैहली) के कार्यालय में स्वास्थ्य शिक्षक का सृजित पद समाप्त कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कारण?

----

## Water Supply Scheme Nalagarh

***3057 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Water Supply Scheme Nalagarh town needs its augmentation & improvement for effective & desired impact of the ongoing sewerage scheme for the town; and

(b) if yes, by when the improvement work will be taken in hand?

----

**Shimla : 171004.** — **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 11th March, 2016.** — **Secretary.**